Class - VIII
Subject - HINDI
पाठ – 6 सफलता का रहस्य

<u>मौखिक</u>

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. रविशंकर द्वारा अपने विषय में भविष्यवाणी सुनकर सुधीर की क्या प्रतिक्रिया हुई?

उत्तर रविशंकर द्वारा अपने विषय में भविष्यवाणी सुनकर सुधीर ने जोश में आकर कहा कि वह हारने वालों में से नहीं है। उसे मुश्किलों का सामना करने में मज़ा आता है। इतना ही नहीं उसने कहा कि वह क्रिकेटर बन कर उनकी भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिखाएगा ताकि वे फिर किसी बच्चे के बारे में गलत भविष्यवाणी न कर सकें।

ख. रविशंकर ने सुधीर से क्यों कहा था कि वह कभी क्रिकेटर नहीं बन पाएगा?

उत्तर रविशंकर ने सुधीर की क्षमता का आकलन कर लिया था। उन्होंने उससे कभी क्रिकेटर न बनने की बात इसलिए कहा था कि वह प्रतिक्रियास्वरूप उनकी बात को गलत सिद्ध करने की ठान ले और एक अच्छा क्रिकेटर बन सके।

ग. रविवार के दिन मैच में क्या हुआ था?

उत्तर रविवार के दिन सुधीर की टीम का मुकाबला एक सीनियर टीम से था। उस टीम से टॉस जीत जाने के बाद उसने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पाँच ओवर के बाद एक बल्लेबाज आउट हो गया। दूसरा बल्लेबाज पहली गेंद पर ही आउट हो गया। तीसरे बल्लेबाज ने अच्छा खेल दिखाया। सौ रनों की साझेदारी उसने की और 180 रन के स्कोर तक टीम को पहुँचाया। दो सौ रन के बाद सुधीर ने बल्लेबाजी शुरु की। अपने चौकों और छक्कों की मदद से उसने अपनी टीम के स्कोर को 270 रन तक पहुँचा दिया। वह 60 दिनों पर नाबाद रहा।

विपक्षी टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। सुधीर ने सात विकेट लिए। उसकी टीम 120 रनों से विजयी हुई। उसे 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

3. लिखित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. खेल का मैदान कैसा था?

उत्तर खेल का मैदान हरा भरा था। उसमें हरी–हरी घास बिछी हुई थी। उसके चारों तरफ अनेक प्रकार के वृक्ष थे जो उसकी सुंदरता में चार चाँद लगा रहे थे।

ख. सुधीर को देखकर व्यक्ति क्यों दंग रह गया?

उत्तर सुधीर को देखकर व्यक्ति इसलिए दंग रह गया कि पसीने से तरबतर होने पर भी वह दंड–बैठक लगाए जा रहा था। उसकी इच्छाशक्ति, हिम्मत को देखकर वह अचंभित हुआ था।

ग. रविशंकर ने सुधीर को जिम जाने के लिए क्यों कहा?

उत्तर रविशंकर ने सुधीर को जिम जाने के लिए इसलिए कहा कि उसकी माँसपेशियाँ कसी रहें, ढीली न पड़े। सुधीर से यह जानकर कि वह जिम जाता था, आज मैदान में चला आया है, रविशंकर ने उसे जिम ही जाने की सलाह दी।

घ. रविशंकर के विषय में जानकर सुधीर ने क्या कहा?

उत्तर रविशंकर के विषय में यह जानकर कि वे क्रिकेट प्रशिक्षक हैं और उनके सिखाए हुए कई लड़के आज देश–विदेश में नाम कमा रहे हैं, सुधीर ने उनसे कहा कि उसकी भी क्रिकेट में बहुत रूचि है। वे उसे भी प्रशिक्षण दें, ताकि वह भी आगे चलकर देश–विदेश में अपना नाम रोशन कर सके।

ङ सुधीर की सफलता का प्रमुख कारण क्या था?

उत्तर सुधीर की सफलता का प्रमुख कारण उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत एवं लगन था। रविशंकर की भविष्यवाणी को गलत सिद्ध करने के लिए उसने लगातार मेहनत की थी। इसमें उसके पिता के समर्थन एवं रविशंकर की गुप्त प्रेरणा का भी हाथ था।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न 'तुम उस आदमी की बात कभी मत भूलना' – सुधीर के पिता ने उससे ऐसा क्यों कहा?

उत्तर 'तुम उस आदमी की बात कभी मत भूलना' – सुधीर के पिता ने उससे ऐसा इसलिए कहा कि उसकी बातों को याद रखने पर उसके सामने उसे गलत साबित करने का लक्ष्य रहेगा। वह उसकी बातों को ध्यान में रखने पर अपने प्रयास में लगा रहेगा, मेहनत करेगा। इससे उसकी इच्छाशक्ति और अधिक बलवती होगी। उसे सफलता पाने की प्रेरणा भी मिलती रहेगी।

5. सही विकल्प के सामने शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए –

क. नए लड़के का नाम क्या था?

सुधीर सुमित सुदीप

उत्तर सुधीर

ख. रविशंकर कौन था?

क्रिकेट खिलाड़ी क्रिकेट प्रशिक्षक हॉकी प्रशिक्षक

उत्तर क्रिकेट प्रशिक्षक

ग. दूसरी टीम का नेतृत्व कौन कर रहा था?

विजय विनय विकास

उत्तर विकास

घ. रविवार के मैच में सुधीर ने कितने विकेट लिए?

सात पाँच तीन

उत्तर सात

7. सही कथन के आगे सत्य और गलत के आगे असत्य लिखिए।

क. सुधीर समयपुर में रहता था। असत्य

ख. सुधीर को व्यायाम करने का शौक था। सत्य

ग. सुधीर के इरादे अटल नहीं थे। सत्य

घ. रविशंकर ने सुधीर से कहा कि ईश्वर का नाम लेकर अपने अभ्यास में जुट जाओ। असत्य

ङ सुधीर ने अपनी टीम को 370 रन तक पहुँचा दिया। असत्य

च. सुधीर को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। सत्य